संख्या–वे0आ0–2– 1987 /दस–54(एम) 2008टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
विशेष सचिव, वित्त,
उ0प्र0, शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
ग्राम्य विकास विभाग,
उ0प्र0 शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 लखनऊः दिनांकः 22 नवम्बर, 2011

विषयः वेतन समिति (2008) के दसवें प्रतिवेदन (भाग–5) में ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्ध में की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वेतन समिति द्वारा ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्ध में दसवें प्रतिवेदन (भाग–5) में दी गयी संस्तुतियों पर निम्न निर्णय लिया गया है :–

(1) ग्राम विकास अधिकारी के पदों पर वर्तमान शैक्षिक अर्हता के साथ कम्प्यूटर संचालन में सी0सी0सी0 प्रमाण पत्र की अर्हता निर्धारित करते हुए ग्रेड वेतन रू0 2000/– यथावत बनाये रखा जाय। साथ ही सहायक विकास अधिकारी ग्रेड वेतन रू0 2800 तथा संयुक्त विकास अधिकारी ग्रेड वेतन रू0 4600/– के पदों को वर्तमान स्वरूप (पदनाम, अर्हता/भर्ती की प्रकिया वेतनमान) में यथावत् बनाये रखा जाय।

(2) प्रचार सहायक के पदों पर वर्तमान में अनुमन्य ग्रेड वेतन रू0 1900/– के स्थान पर उच्चीकृत/संशोधित ग्रेड वेतन रू0 2000/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य कराया जाय।

(3) विभाग में विद्यमान सामान्य कोटि के पदों पर समिति द्वारा की गयी सामान्य संस्तुतियों के अनुसार पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन अनुमन्य कराये जायें।

(4) विभाग के अन्य पदों पर कोई विसंगति परिलक्षित नहीं होती है। इन पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य हो रहे सादृश्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन यथावत् रखें जायें।

कृपया उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक शासनादेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय

(अजय अग्रवाल)
विशेष सचिव

संख्या–वे0आ0–2– 1987 (1)/दस–54(एम)/2008टी0सी0, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1।
2– कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश सचिवालय।
3– निदेशक, एन0आई0सी0, छठां तल, योजना भवन, लखनऊ क शासनादेश वित्त विभाग की वेबसाइट पर डाले जाने हेतु।

आज्ञा से,

(नरेन्द्र कुमार
संयुक्त सचिव